# एआई और 5जी को अपनाइए : अश्विनी वैष्णव

**गोवा में 20-28 नवंबर तक होगा भारतीय अंतरराष्ट्रीय फ़िल्म महोत्सव**

**आईएफएफआई 2024 में दिखेंगी 180 फ़िल्में**



**नई दिल्ली, 20 नवंबर. केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बुधवार को फ़िल्म निर्माताओं को अपने काम में कृत्रिम बुद्धिमत्ता, यानी आर्टिफ़िशियल इंटेलिजेंस या एआई, 5-जी और वर्चुअल प्रोडक्शन को अपनाने की सलाह दी.भारत के पश्चिमी तट पर बसे गोवा में 55वें भारतीय अंतरराष्ट्रीय फ़िल्म महोत्सव की शुरुआत से पहले लिखे गए एक संपादकीय में अश्विनी वैष्णव ने भारतीय अर्थव्यवस्था में रचनात्मक काम करने वालों के योगदान के बारे में लिखा.**

उन्होंने कहा कि भारतीय क्रिएटर सिर्फ़ एक कथावाचक, यानी कहानियां सुनाने वाले से राष्ट्र-निर्माण करने वाले तक विकसित हो गए हैं.

**30 अरब डॉलर का उद्योग है भारत की क्रिएटिव इंडस्ट्री...**- भारत की क्रिएटिव इंडस्ट्री को 30 अरब अमेरिकी डॉलर (लगभग ?2,53,152 करोड़) का उद्योग बताते हुए अश्विनी वैष्णव ने उन सरकारी पहलों पर भी रोशनी डाली, जो कॉन्टेन्ट क्रिएशन और नवाचार, यानी इनोवेशन को बढ़ावा देती हैं.

केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार की इन पहलों में अगले साल, यानी वर्ष 2025 में फरवरी में आयोजित होने जा रहा विश्व ऑडियो-विजुअल एवं मनोरंजन शिखर सम्मेलन भी शामिल है.

### आईएफएफआई 2024 में प्रदर्शित होंगी 81 देशों की 180 फ़िल्में...

गोवा में इस साल का भारतीय अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव (आईएफएफआई), यानी भारतीय अंतरराष्ट्रीय फ़िल्म महोत्सव 20 से 28 नवंबर तक आयोजित किया जा रहा है. महोत्सव के दौरान 81 देशों की 180 अंतरराष्ट्रीय फ़िल्में प्रदर्शित की जाएंगी. महोत्सव में गोवानी फ़िल्मों पर एक विशेष खंड चलाया जाएगा, जिसमें स्थानीय प्रतिभा को स्थान देने वाली और स्थानीय परम्पराओं और संस्कृति का प्रदर्शन करने वाली 14 फ़िल्में प्रदर्शित की जाएंगी.भारतीय अंतरराष्ट्रीय फ़िल्म महोत्सव की परेड जिस मार्ग पर चलेगी, उस पर स्काई लैन्टर्न प्रतियोगिता भी आयोजित की जाएगी, जिसके प्रतिभागियों को नकद पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे.आईएफएफआई परेड का आयोजन 22 नवंबर को श्वस्त्र कार्यालय स्थल से कला अकादमी तक किया जा रहा है.

# केवाईसी उल्लंघन पर सख्त होगी कार्रवाई

## आरबीआई ने बैंकों को चेताया, ग्राहक सेवा पर जोर

**नयी दिल्ली, 20 नवंबर. भारतीय रिजर्व बैंक के डिप्टी गवर्नर स्वामीनाथन जे ने बैंकों को केवाईसी नियमों का सटीक पालन करने की सख्त हिदायत दी है. उन्होंने साफ कहा कि अगर बैंक इन दिशानिर्देशों का सही से पालन नहीं करेंगे, तो उनके खिलाफ कड़ी नियामकीय कार्रवाई की जाएगी.**

डिप्टी गवर्नर ने चिंता जाहिर की कि कई बैंक अपने आंतरिक लोकपाल तंत्र को एक औपचारिक प्रक्रिया के रूप में लेते हैं. उन्होंने कहा कि यह तंत्र केवल कागजों तक सीमित न रहे, बल्कि ग्राहक समस्याओं को निष्पक्ष और तेज़ी से हल करने के लिए काम करे. बैंकों को चाहिए कि वे इसे मजबूत और प्रभावी





बनाएं ताकि ग्राहक को सही मायने में न्याय मिल सके.

**ग्राहकों का सम्मान है सबसे जरूरी**- स्वामीनाथन ने बैंकों को सलाह दी कि वे ग्राहक-केंद्रित बैंकिंग पर काम करें. हर ग्राहक, चाहे उसकी आय, उम्र या पृष्ठभूमि कुछ भी हो, उसे महत्वपूर्ण और सम्मानित महसूस होना चाहिए. बैंक की नीतियां, प्रक्रियाएं और सेवाएं ऐसी हों जो हर स्तर पर पारदर्शी और निष्पक्ष दिखें.

### डिजिटल और नैतिक बदलाव पर जोर

उन्होंने यह भी कहा कि वित्तीय निगरानी और जोखिम प्रबंधन जैसी प्राथमिक जिम्मेदारियों के अलावा, बैंकों को डिजिटल तकनीक को अपनाने और नैतिक नेतृत्व स्थापित करने की दिशा में कदम बढ़ाने चाहिए. आज के समय में, ग्राहक अनुभव को बेहतर बनाना और उनकी समस्याओं को प्राथमिकता देना बैंकिंग क्षेत्र के लिए सबसे अहम हो गया है.डिप्टी गवर्नर ने स्पष्ट किया कि ग्राहक सेवा और पारदर्शिता को लेकर किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी.



# 2028 तक किराना स्टोर्स की हिस्सेदारी 88 .9 प्रतिशत

**74** प्रतिशत तक बढ़ेगा क्विक

**46** प्रतिशत ग्राहकों ने स्टोर्स छोड़े

**नयी दिल्ली, 20 नवंबर. ई-कॉमर्स के बाजार में उथल-पुथल लगी रहती है जहां पर आने वाले समय में किराना स्टोर्स की क्या स्थिति होती है इसका आंकलन लगा पाना मुश्किल है.**

हाल ही में डेटाम की एक रिपोर्ट के अनुसार, भारत में पारंपरिक किराना स्टोर्स की बाजार हिस्सेदारी लगातार घट रही है, क्योंकि क्विक कॉमर्स प्लेटफॉर्म बाजार हिस्सेदारी हासिल कर रहे हैं.रिपोर्ट से पता चला है कि किराना स्टोर्स की बाजार हिस्सेदारी 2018 में 95 प्रतिशत से गिरकर 2023 में 92.6 प्रतिशत हो गई है और 2028 तक इसके और गिरकर 88.9 प्रतिशत होने का अनुमान है. यह बदलाव ऑनलाइन किराना खरीदारी के लिए उपभोक्ताओं की बढ़ती प्राथमिकता को दर्शाता है. रिपोर्ट में 2024 में क्विक कॉमर्स सेगमेंट में 74 प्रतिशत की वृद्धि की भविष्यवाणी की गई है, जिससे यह 2023-28 की अवधि के दौरान सबसे तेजी से बढ़ने वाला खुदरा चैनल बन जाएगा. 48 प्रतिशत की चक्रवृद्धि वार्षिक वृद्धि दर के साथ, क्विक कॉमर्स किराना बाजार में क्रांति लाने के लिए तैयार है.इसमें कहा गया है कि क्विक कॉमर्स से किराना से ऑनलाइन ग्रॉसरी की ओर चैनल शिफ्ट बढ़ने की उम्मीद है.

रिपोर्ट के अनुसार, किराना स्टोर पर इसका प्रभाव महत्वपूर्ण है, क्विक कॉमर्स के 46 प्रतिशत उपयोगकर्ताओं ने किराना स्टोर से खरीदारी कम कर दी है. 82 प्रतिशत से अधिक खरीदारों ने अपनी खरीदारी का कम से कम 25 प्रतिशत किराना स्टोर से क्विक कॉमर्स प्लेटफ़ॉर्म पर स्थानांतरित कर दिया है. डेटा ने यह भी उल्लेख किया कि सर्वेक्षण से पता चलता है कि 5 प्रतिशत उत्तरदाताओं ने किराना स्टोर से खरीदारी पूरी तरह से बंद कर दी है.

### क्विक कॉमर्स के आने से बदला बाजार

रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि क्विक कॉमर्स के आगमन से पहले, किराना स्टोर अपने सुविधाजनक स्थानों और लचीले संचालन घंटों के कारण अनियोजित किराना खरीदारी के लिए प्राथमिक गंतव्य थे. इसमें यह भी उल्लेख किया गया है कि 2024 में अनुमानित 1.28 बिलियन अमरीकी डॉलर की किराना बिक्री क्विक कॉमर्स प्लेटफ़ॉर्म पर स्थानांतरित होने की उम्मीद है, जो बाद की कुल बिक्री का 21 प्रतिशत है.

# जीडीपी में गिरावट के आसार

**दूसरी तिमाही में घटकर 6 .5 प्रतिशत रहने के आसार**

**इन 2 सेक्टर में आ सकती है मंदी**





**नयी दिल्ली, 20 नवंबर. भारी बारिश और कमजोर कॉर्पोरेट परफॉर्मेंस के कारण जुलाई-सितंबर तिमाही में भारत की वास्तविक जीडीपी ग्रोथ रेट घटकर 6.5 प्रतिशत रहने के आसार हैं.**

घरेलू रेटिंग एजेंसी इक्रा ने हालांकि वित्त वर्ष 2024-25 की दूसरी छमाही में आर्थिक गतिविधियों में तेजी आने की उम्मीद के बीच समूचे वित्त वर्ष के लिए वृद्धि दर का अनुमान सात प्रतिशत पर बरकरार रखा है. यह अनुमान और टिप्पणी ऐसे समय में आई है, जब शहरी मांग में कमी जैसे अनेक कारकों के कारण वृद्धि में मंदी की चिंताएं हैं.

**माइनिंग और पावर सेक्टर में मंदी के आसार**- भारतीय रिजर्व बैंक ने चालू वित्त वर्ष 2024-25 के लिए आर्थिक वृद्धि दर 7.2 प्रतिशत रहने का अनुमान लगाया है, जो 2023-24 के 8.2 प्रतिशत से कम है. दूसरी तिमाही की आर्थिक गतिविधि के आधिकारिक आंकड़े 30 नवंबर को जारी होने की उम्मीद है. पहली तिमाही (अप्रैल-जून) में जीडीपी वृद्धि 6.7 प्रतिशत रही थी. इक्रा ने कहा कि दूसरी तिमाही में गिरावट भारी बारिश और कमजोर कॉर्पोरेट प्रदर्शन जैसे कारकों के कारण होगी. उसने कहा, ''हालांकि, सरकारी व्यय और खरीफ की बुवाई से सकारात्मक रुझान हैं, लेकिन औद्योगिक क्षेत्र खासकर खनन तथा बिजली में मंदी आने के आसार हैं.

# सोने-चांदी के दामों में बढ़ोतरी

**नई दिल्ली, 20 नवंबर.**घरेलू सर्राफा बाजार में सोना लगातार दूसरे दिन महंगा हुआ है. इस चमकीली धातु की कीमत में 700 रुपये से लेकर 760 रुपये प्रति 10 ग्राम तक की तेजी दर्ज की गई है. इस तेजी के कारण देश के ज्यादातर सर्राफा बाजारों में 24 कैरेट सोना 77,230 रुपये से लेकर 77,080 रुपये प्रति 10 ग्राम के दायरे में कारोबार कर रहा है.

इसी तरह 22 कैरेट सोना 70,810 रुपये से लेकर 70,660 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बना हुआ है. सोने की तरह ही आज चांदी भी 2,000 रुपये से अधिक उछल गया है, जिसके कारण दिल्ली सर्राफा बाजार में इसकी कीमत 91,600 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर पहुंच गई है.

# बंधन लाइफ का उत्तर भारत में विस्तार

## दिल्ली में शाखाओं पर बीमा प्लान होंगे उपलब्ध

**नई दिल्ली, 20 नवंबर. देश की अग्रणी जीवन बीमा कंपनी बंधन लाइफ ने बुधवार को बंधन बैंक के साथ मिलकर उत्तर भारत में अपने विस्तार का एलान किया. बंधन लाइफ ने पूर्वी भारत में सफलता मिलने के बाद राष्ट्रीय स्तर पे अपनी उपस्थिति दर्ज कराने के लिए उत्तर भारत में विस्तार की योजना बनाई है.**

कंपनी के विस्तार के बाद अब दिल्ली में मौजूद बंधन बैंक की 142 शाखाओं से बंधन लाइफ प्लान्स खरीद सकते हैं. दिल्ली में बंधन बैंक के ग्राहक अब बंधन लाइफ की उन्नत तकनीक आधारित समाधानों की मदद से अपनी जरूरतों के अनुसार तैयार की गई जीवन बीमा पॉलिसियां कुछ ही मिनटों में प्राप्त कर सकते हैं. बंधन लाइफ के एमडी एवं सीईओ सतीश्वर बी. ने बताया, हमें दिल्ली में बंधन बैंक के साथ अपनी रणनीतिक साझेदारी का विस्तार करते हुए बेहद प्रसन्नता हो रही है. अब बंधन लाइफ के जीवन बीमा प्लान हमारे ग्राहकों को अधिक आसानी से उपलब्ध होंगे. इस साझेदारी से यह जाहिर होता है कि, हम सरल, भरोसेमंद और टेक्नोलॉजी पर आधारित जीवन बीमा योजनाएं उपलब्ध कराने के अपने इरादे पर अटल हैं. यह विस्तार जीवन बीमा को हर परिवार के लिए सरल बनाने के हमारे संकल्प की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है.

# कोयला आयात में दर्ज हुई कमी

## विद्युत संयंत्रों के कोयला आयात में आई गिरावट

**नई दिल्ली, 20 नवंबर.**देश में घरेलू कोयला आपूर्ति बढ़ने के कारण इसके आयात में गिरावट दर्ज हुई है. चालू वित्त वर्ष 2024-25 की अप्रैल-सितंबर अवधि के दौरान गैर-विनियमित क्षेत्रों का कोयला आयात 9.83 फीसदी घटकर 63.28 मीट्रिक टन रह गया.

पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि में एनआरएस ने 70.18 मीट्रिक टन कोयला आयात किया था. इसी तरह मिश्रण उद्देश्य के लिए घरेलू ताप विद्युत संयंत्रों का कोयला आयात भी अप्रैल-सितंबर अवधि में 8.59 फीसदी घटकर 9.79 मीट्रिक टन रह गया, जो पिछले वित्त वर्ष की इसी अवधि में 10.71 मीट्रिक टन रहा था. कोयला मंत्रालय ने बुधवार को जारी बयान में कहा कि चालू वित्त वर्ष 2024-25 की अप्रैल-सितंबर के दौरान कुल कोयला आयात पिछले वित्त वर्ष की इसी अवधि में 127.78 मीट्रिक टन की तुलना में 1.36 फीसदी बढ़ कर 129.52 मीट्रिक टन हो गया. वहीं, मूल्य के संदर्भ में अप्रैल-सितंबर के दौरान कुलआयातित कोयला 1,38,763.50 करोड़ रुपये रहा. जो पिछले वित्त वर्ष की इसी अवधि के 1,52,392.23 करोड़ रुपये से कम है. मंत्रालय के मुताबिक आयात में कमी के परिणामस्वरूप 13,628.73 करोड़ रुपये की बचत हुई है, जो कोयला खरीद के लिए अधिक लागत प्रभावी दृष्टिकोण को दर्शाता है.

मंत्रालय ने कहा कि यह इन क्षेत्रों के लिए घरेलू कोयले की आपूर्ति पर बढ़ती निर्भरता को दर्शाता है. हालांकि, इस्पात उद्योग के लिए जरूरी कोकिंग कोयले और आयातित कोयला आधारित (आईसीबी) बिजली संयंत्रों के लिए कोयले के आयात में वृद्धि हुई है, जिन्हें घरेलू कोयले से प्रतिस्थापित नहीं किया जा सकता है.

# चना दाल नरम, खाद्य तेलों में टिकाव

**नयी दिल्ली 20 नवंबर (वार्ता)** विदेशी बाजारों में स्थिरता के बीच स्थानीय स्तर पर उठाव कमजोर रहने से आज दिल्ली थोक जिंस बाजार में चना दाल में नरमी देखी गयी जबकि खाद्य तेल समेत सभी जिंसों में टिकाव रहा. तेल-तिलहन = वैश्विक स्तर पर मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में दिसंबर का पाम ऑयल वायदा 116 रिंगिट उबलकर 5119 रिंगिट प्रति टन पर पहुंच गया. इसी तरह दिसंबर का अमेरिकी सोया तेल वायदा 1.12 सेंट की तेजी के साथ 45.56 सेंट प्रति पौंड बोला गया. इस दौरान घरेलू बाजार में खाद्य तेलों में टिकाव रहा. सरसों तेल, मूंगफली तेल, सूरजमुखी तेल, सोया रिफाइंड, पाम ऑयल और वनस्पति तेल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ. गुड़-चीनी = मीठे के बाजार में स्थिरता रही. इस औरान चीनी और गुड़ के भाव पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर टिके रहे.

**दाल-दलहन** - दाल-दलहन के बाजार में चना दाल को छोड़कर टिकाव रहा. इस दौरान मसूर दाल, मूंग दाल, उड़द दाल और अरहर दाल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ. चना दाल 50 रुपये प्रति क्विंटल

# नोकिया ने भारती एयरटेल से की ये बड़ी डील

## शहरों और प्रदेशों में 4जी और 5जी लगाएगी उपकरण

**नयी दिल्ली, 20 नवंबर. स्मार्टफोन मार्केट में बुधवार को फिनलैंड की दूरसंचार उपकरण कंपनी नोकिया ने भारती एयरटेल से कई साल का, कई अरब डॉलर का सौदा हासिल किया है. इसके तहत नोकिया भारत के प्रमुख शहरों और राज्यों में 4जी और 5जी उपकरण लगाएगी.**

बुधवार को जारी बयान में यह जानकारी दी गई. अनुबंध के अनुसार, नोकिया अपने 5जी एयरस्केल पोर्टफोलियो से उपकरण तैनात करेगी. इनमें बेस स्टेशन, बेसबैंड इकाइयां और विशाल एमआईएमओ रेडियो की नवीनतम पीढ़ी शामिल है, जो सभी





इसकी ऊर्जा-कुशल 'रीफशार्क सिस्टम-ऑन-चिप तकनीक' द्वारा संचालित हैं. आपको बताते चलें कि, बयान में कहा गया, नोकिया को भारती एयरटेल द्वारा प्रमुख भारतीय शहरों और राज्यों में 4जी और 5जी उपकरण तैनात करने के लिए कई वर्षों के लिए कई अरब डॉलर का विस्तार ठेका दिया गया है. ये समाधान एयरटेल के नेटवर्क को असाधारण 5जी क्षमता और कवरेज के साथ बढ़ाएंगे और इसके नेटवर्क विकास का समर्थन करेंगे. नोकिया मल्टीबैंड रेडियो और बेसबैंड उपकरणों के साथ एयरटेल के मौजूदा 4जी नेटवर्क को भी आधुनिक बनाएगी, जो 5जी को भी सहयोग कर सकते हैं.


**खोया/पाया**

मैं श्रीमती प्रभा कुलकर्णी पत्नी श्री संजय कुलकर्णी निवासी- हाउस नं. 104, सेक्टर बी, इन्द्रा नगर मंडीदीप, गौहरगंज, रायसेन म.प्र. में रहती हूं. यह कि मेरी रजिस्ट्री ई पंजीकरण संख्या MP292632024A1156158 है. मेरे द्वारा रजिस्ट्री कहीं गुम हो गई है. उक्त रजिस्ट्री कहीं भी बंधक नहीं है. जिस किसी को मिली हो ऊपर लिखे पते पर पहुंचाने का कष्ट करें.


# सुशील शिंदे का उद्धव ठाकरे पर बड़ा हमला

**सोलापुर,20 नवंबर** महाराष्ट्र में मतदान के बीच कांग्रेस के कद्दावर नेता सुशील कुमार शिंदे ने उद्धव के उम्मीदवार के साथ खेल कर दिया है. अपनी सांसद बेटी के साथ मतदान करने के बाद सुशील शिंदे ने कहा कि सोलापुर दक्षिण सीट पर हम निर्दलीय उम्मीदवार धर्मराज कराडी का समर्थन कर रहे हैं. शिवसेना (यूबीटी) की तरफ से यहां अमर रजनीकांत पाटिल चुनाव लड़ रहे हैं. उद्धव के साथ बीच मतदान में हुए इस खेल की सियासी गलियारों में चर्चा हो रही है.

### शिन्दे ने क्या कहा

सुशील शिंदे ने कहा कि यह सीट कांग्रेस का गढ़ रहा है. शिवसेना (यूबीटी) ने जिद कर इसे ले लिया. हम पूर्व विधायक दिलीप माने को यहां से उम्मीदवार बनाना चाह रहे थे, लेकिन पार्टी ने उन्हें सिंबल नहीं दिया.शिंदे ने आगे कहा कि हमने निर्दलीय धर्मराज कराडी को समर्थन देने का फैसला किया है. कराडी ही बीजेपी के सुभाष देशमुख को हराएंगे. कराडी का सियासी भविष्य उज्ज्वल है.


**कार्यालय नगर परिषद्, लवकुश नगर, जिला छतरपुर**

क्र./न.प./निविदा/2024/1535 — लवकुश नगर,दिनांक 20/11/2024

**निविदा आमंत्रण सूचना**

केन्द्रीय ई-रजिस्ट्रेशन प्रणाली के अंतर्गत म.प्र. लोक निर्माण विभाग में पंजीकृत समस्त ठेकेदारों से म.प्र. नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग के वर्तमान प्रभावशील आईएसआर 2/8/2021 के एसओआर से निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु प्रतिशत दरों के आधार पर ऑनलाइन निविदा आमंत्रित की जाती हैं. निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाइट www.mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है.

| क्र. | टेंडर क्र. जारी दिनांक | कार्य का नाम एवं स्थान | कार्य की समयावधि एवं लागत | निविदा प्रपत्र एवं अमानत राशि | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 2024_UAD_383355_1 21-11-2024 | कम्पोस्टिंग प्लांट की क्षमता वृद्धि कार्य | 1.06 माह 2.50.49 लाख | 1.10000.00 2.38000.00 | 24-12-2024 |
| 2. | 2024_UAD_383357_1 21-11-2024 | एमआरएफ की क्षमता वृद्धि कार्य | 1.06 माह 2.22.70 लाख | 1.5000.00 2.18000.00 | 24-12-2024 |

**नोट:-** निविदा में किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाइन www.mptenders.gov.in की वेबसाइट पर ही प्रकाशित किया जाएगा. पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जाएगा.

**मुख्य नगर पालिका अधिकारी**
**नगर परिषद् लवकुश नगर, जिला छतरपुर**



**कार्यालय थाना प्रभारी थाना शाहजहांनाबाद नगरीय पुलिस भोपाल**

क्र./थाप्र/शाह.बाद/भो/डी/गुम इंसान क्र.61/2024 — दिनांक 16/11/2024

**जाहिर सूचना**



सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि थाना शाहजहांनाबाद भोपाल के गुम इंसान क्र.61/24 गुमशुदा अनिल प्रजापति पिता दयाराम प्रजापति उम्र 26 साल निवासी मल्टी नं. जी-04/एफ-04 वाजपेयी नगर ईदगाह हिल्स थाना शाहजहांनाबाद भोपाल का दिनांक 11/11/2024 के दोपहर करीबन 1 बजे घर से गाड़ी लेकर कहीं जाने का और एक दिन बाद आने का बोल कर गए थे, जो आज तक वापस नहीं आया. जिसका हुलिया- रंग- सांवला, चेहरा- गोल, आंखें- उभरी, कद- 5 फिट, बदन- दुबला-पतला, हरे रंग की शर्ट व नीला जींस व पैरों में स्पोर्ट जूते पहने हुए है. बाएं हाथ की हथेली पर स्टार गुदा, जिसका आज दिनांक तक कोई पता नहीं चला. अगर किसी व्यक्ति को इनके संबंध में कोई जानकारी हो तो तत्काल सूचित करें.

**थाना शाहजहांनाबाद मो.नं. 9479990579**
**जांचकर्ता प्र.आर. 2496 रामबकस का मो.नं. 7587601784**

**थाना प्रभारी**
G19254/24 — **थाना शाहजहांनाबाद, नगरीय पुलिस भोपाल म.प्र.**


# बसाया जा रहा नया शहर

**नोएडा,20 नवंबर** दिल्ली-एनसीआर में रहने वाले लोगों के लिए खुशखबरी है. जल्द ही यहां आधुनिक सुविधाओं से युक्त एक नया शहर बसाया जाएगा. न्यू नोएडा के नाम से बसाए जा रहे इस शहर का विकास डेडीकेटेड दादरी-नोएडा-गाजियाबाद इन्वेस्टमेंट रीजन के तहत किया जाएगा. इसके मास्टर प्लान को पिछले दिनों ही शासन से मंजूरी मिली थी. इसके बाद जमीन अधिग्रहण के लिए सर्वे का काम भी शुरू हो गया है.

इस शहर को बसाने के लिए जोखाबाद गांव में अस्थायी कार्यालय खोला जाएगा. इसके लिए नोएडा प्राधिकरण के सीईओ लोकेश एम ने हाल ही में बुलंदशहर के सिकंदराबाद का सर्वे किया. इस कार्यालय से भूमि अधिग्रहण के अलावा विकास कार्यों की भी निगरानी की जाएगी. बता दें कि न्यू नोएडा को बसाने के लिए गौमतबुद्धनगर में करीब 20 और बुलंदशहर के 20 गांवों का अधिग्रहण किया जाएगा. पहले चरण में 3,165 हेक्टेयर भूमि का अधिग्रहण 2027 तक पूरा किया जाएगा. इसके बाद 2027 से 2032 के बीच 3,798 हेक्टेयर, 2037 तक 5,908 हेक्टेयर, और 2041 तक 8,230 हेक्टेयर भूमि विकसित की जाएगी.

यूपी सरकार ने इस योजना के लिए मास्टर प्लान 2041 को मंजूरी दे दी है.


**कार्यालय भोपाल विकास प्राधिकरण, भोपाल**

**आम सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि प्राधिकरण की साकेत नगर योजना में स्थित भवन क्रमांक 411 सेक्टर 9-ए श्री सुनील कुमार गुप्ता आत्मज स्वर्गीय श्री शिवनारायण गुप्ता के नाम अंकित है. आवंटी श्री सुनील कुमार गुप्ता का स्वर्गवास दिनांक 29/7/24 को हो जाने के कारण आवंटी के वारिस श्रीमती सुषमा गुप्ता, कु. हर्षिता गुप्ता एवं श्री सहर्ष गुप्ता (पत्नी, पुत्री, पुत्र) स्व. श्री सुनील कुमार गुप्ता द्वारा आवेदन पत्र, शपथ पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र एवं अन्य दस्तावेज प्रस्तुत कर उक्त भवन का नामांतरण अपने नाम पर चाहा है. उक्त के संबंध में यदि किसी व्यक्ति/ उत्तराधिकारी को कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति प्रकाशित होने की दिनांक से 7 दिवस के अंदर लिखित एवं साक्ष्य / दस्तावेजों के साथ इस कार्यालय को अपनी आपत्ति प्रस्तुत करें. उक्त समयावधि के पश्चात कोई भी दावा/ आपत्ति स्वीकार नहीं की जावेगी एवं प्राधिकरण नियमानुसार कार्यवाही करने हेतु स्वतंत्र रहेगा.

**राजस्व अधिकारी**
**भोपाल विकास प्राधिकरण, भोपाल**



**कार्यालय वनमंडलाधिकारी (सा.) मनेन्द्रगढ़ वनमंडल, मनेन्द्रगढ़ (छ.ग.)**

**नीलाम विज्ञापन**

सामान्य सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि मनेन्द्रगढ़ वनमंडल के काष्ठागार जनकपुर में दिनांक 28/11/2024 को नया-पुराना सागौन, साल, इमारती काष्ठ/ जलाऊ चट्टा का अधोलिखित विवरण के अनुसार प्रात: 10 बजे से नीलाम किया जाना प्रस्तावित है. इच्छुक व्यक्तियों से अनुरोध है कि वे नीलाम में भाग लेवे. नीलाम शर्त एवं जानकारी कार्यालय से अथवा नीलाम स्थल से प्राप्त की जा सकती हैं. क्रेताओं को सलाह दी जाती है कि वे बोली बोलने के पूर्व प्रत्येक लॉट का भलीभांति निरीक्षण कर लेवें तथा संतुष्टि उपरांत ही बोली लगाएं. नीलाम के समय घोषित मात्रा सही व अंतिम रूप से मान्य होगी.

| | | नए अविक्रित काष्ठ | | पुराने अविक्रित काष्ठ | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| क्र. | प्रजाति | लट्ठा | बल्ली | लट्ठा | | बल्ली | |
| | | नग | घ.मी. | नग | घ.मी. | नग | घ.मी. |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 9 |
| 1. | सागौन | 350.000 | 1500 | 1597 | 105.567 | 2277 | 38.688 |
| 2. | साल | 150.000 | 150 | 8064 | 825.766 | 2335 | 61.312 |
| 3. | हल्दू | 0.250 | 0 | 3 | 0.399 | 0 | 0.000 |
| 4. | साजा | 0.250 | 0 | 77 | 7.400 | 31 | 0.828 |
| 5. | धावड़ा | 0.000 | 0 | 0 | 0.000 | 3 | 0.083 |
| 6. | बीजा | 0.000 | 0 | 4 | 0.337 | 4 | 0.205 |
| 7. | सत्कठा | 2.000 | 25 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| | योग | 502.500 | 1675 | 9745 | 939.469 | 4650 | 101.116 |
| 8. | मिश्रित जलाऊ | 350 चट्टा नया जलाऊ | | | | | |

टीप:- 1. इमारती काष्ठ की नीलामी पहले 10.00 बजे प्रात: में की जावेगी. तत्पश्चात् जलाऊ चट्टों की नीलामी की जावेगी. 2. छत्तीसगढ़ राज्य के किसी भी वनमंडल का पंजीकृत ठेकेदार ही नीलाम में भाग ले सकेंगे. 3. समस्त क्रेता को आयकर पेन कार्ड, वाणिज्य कर का जीएसटी रजिस्ट्रेशन एवं छत्तीसगढ़ राज्य के किसी वनमंडल का वर्ष 2024 के व्यापारी का रजिस्ट्रेशन की प्रति प्रस्तुत करना अनिवार्य है. 4. कृपया क्रेता इमारती एवं जलाऊ का ईएमडी राशि का अलग-अलग चेक देवें.

242503874/10 — **वनमंडलाधिकारी, मनेन्द्रगढ़ वनमंडल मनेन्द्रगढ़**